परेशानी | एनक्यूएएस प्रमाण पत्र वाला समनापुर अस्पताल बदहाल, चिकित्सक नदारद, इलाज नहीं मिलने से वापस लौट रहे मरीज

# वार्ड बॉय के भरोसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, खतरे में ग्रामीणों की जान






**उदयपुर 5 अक्टूबर नभाप्र.** बीजाडांडी जनपद के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समनापुर में अव्यवस्था और चिकित्सक की मनमानी के कारण लगभग 20 आदिवासी बाहुल्य गांवों के ग्रामीणों का इलाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि केंद्र पर तैनात डॉक्टर आए दिन नदारद रहते हैं, जिसके चलते पूरा अस्पताल नर्सो और वार्ड बॉय के सहारे चल रहा है। जानकारी अनुसार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं अब भगवान भरोसे है। जिले के कई स्वास्थ्य केन्द्रों में मनमानी के चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है। बताया गया कि बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का पीएचसी समनापुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का राष्ट्रीय प्रमाण पत्र मिल चुका है। जिसके बाद इस स्वास्थ्य केन्द्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके। इस स्वास्थ्य केन्द्र में भी दूर दूर से ग्रामीण अपना इलाज कराने पहुंचते है। पर्याप्त स्टाफ और संसाधन के होने के बावजूद चिकित्सक के इंतजार में कई मरीज बिना इलाज के ही यहां वापस लौटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय चिकित्सकों की लापरवाही के कारण ही ये बीमार लोग झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में फंस रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बढ़ रहा है।

### मौसम बदलने पर भी दवाईयों का टोटा

वर्तमान में मौसम में बदलाव के कारण हर घर में सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज हैं। इसके साथ ही दूषित पानी की वजह से पेट संबंधी रोगों के रोगी भी बड़ी संख्या में केंद्र पहुंच रहे हैं। गंभीर स्थिति तब बन जाती है, जब लोगों को रोग से संबंधित दवाईयां तक उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि अस्पताल में दवाईयों का टोटा हमेशा बना रहता है।



मेरी तबीयत खराब थी, इलाज कराने आए थे, लेकिन यहां डॉक्टर ही नहीं मिले, स्वास्थ्य केन्द्र में एक घंटे तक डॉक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन डॉक्टर साहब नहीं आए और ना ही दवाई दी गई।

**राजू लाल मरावी**



हम अस्पताल इलाज कराने आए थे, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं मिले। समनापुर स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर समय पर नहीं मिलते है, जिसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। आज भी डॉक्टर नहीं मिले।

**कढ़ोरी यादव**

### लापरवाह स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह से मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले डॉक्टर और लापरवाह स्टाफ के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाए और केंद्र पर पर्याप्त दवाईयों एवं स्टाफ की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### उत्कृष्टता प्रमाण पत्र महज दिखावा

ग्रामीणों ने बताया कि विगत माह बीजाडांडी बीएमओ और पूरे स्टाफ ने समनापुर आरोग्य केंद्र का कायाकल्प किया था। अस्पताल को चमकाकर सब कुछ साफ सुथरा दिखाने के लिए यह डेंटिंग-पेंटिंग की गई थी, जिसके आधार पर केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र भी मिल गया। अस्पताल में एक बोर्ड भी लगाया गया है, जिसमें लिखा है, मैं यहाँ पर स्वस्थ होने आया हूँ। हालांकि जमीनी हकीकत इस प्रमाण पत्र और संदेश से बिल्कुल उलटी है। मरीजों को घंटों इंतजार कराया जाता है और बीमार व्यक्ति इलाज के लिए एक काउंटर से दूसरे काउंटर भटकता रहता है, फिर भी उन्हें सही इलाज नहीं मिल पाता है।

## बीजाडांडी पुलिस की सूझबूझ से ब्रेक फेल वाहन को किया नियंत्रित, टली बड़ी दुर्घटना

**बीजाडांडी थाना प्रभारी ने एनएच 30 पर रोका अनियंत्रित आयशर वाहन, चालक गिरफ्तार**



**मंडला 5 अक्टूबर नभाप्र.** थाना बीजाडांडी पुलिस की सतर्कता और तत्परता के कारण शनिवार रात्रि एनएच 30 मार्ग पर एक बड़ा हादसा टल गया। यह दुर्घटना मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान होने वाली थी। बताया गया कि जबलपुर की ओर से मंडला की ओर तेज गति से आ रहे आयशर वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडवाय 2187 को चल समारोह ड्यूटी में तैनात थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय और उनकी टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्परता से रोका। जांच में पता चला कि वाहन के ब्रेक फेल हो चुके थे, जिससे यह अनियंत्रित होकर भीड़ की ओर बढ़ रहा था। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई से वाहन को नियंत्रित कर लिया गया और हजारों श्रद्धालुओं की जान बच गई। बताया गया कि वाहन को नियंत्रित करने के बाद चालक राजेश ठाकुर निवासी बरोदा, जिला जबलपुर को हिरासत में लिया गया। चिकित्सीय परीक्षण में पुष्टि हुई कि वह नशे की हालत में वाहन चला रहा था। पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा सहित अन्य धाराओं और के तहत कानूनी कार्रवाई की है। इसके साथ ही उसके ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## भुआ बिछिया में देर रात तक होता रहा विसर्जन



**भुआ बिछिया 5 अक्टूबर नभाप्र.** नगर की शेष प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को देर रात तक एनीकट कुंड और जलाशय बांध में किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जो देर रात तक भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। नगर की लगभग 13 से 14 दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। चल समारोह के दौरान डीजे, बैंडबाजे और आतिशबाजी का बोलबाला रहा, जिसमें बाहर से आई डांस पार्टियों के कलाकारों ने भी भजन-धुन पर प्रस्तुति दी। माता के जयकारों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु नगर भ्रमण में शामिल हुए। चल समारोह के कारण मुख्य मार्गों पर यातायात घंटों तक प्रभावित रहा।

## तेज रफ्तार बाइक ने सब्जी विक्रेता को मारी टक्कर, पैर टूटा, चार घायल

### निवास के ग्राम घुलघुल के पास हुआ हादसा, गंभीर घायल जबलपुर मेडिकल रेफर



**निवास 5 अक्टूबर नभाप्र.** निवास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुलघुल के पास रविवार शाम लगभग 7.30 बजे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सब्जी विक्रेता को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एक बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में सब्जी विक्रेता का पैर टूट गया है, जबकि बाइक सवार समेत कुल चार लोग घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार ग्राम लधा टोला निवासी सब्जी विक्रेता गहबर मरावी पिता ढोकल 55 वर्ष अपने सहयोगी गेंद सिंह वरकड़े पिता कमोद, 65 वर्ष के साथ हाथ ठेला लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान निवास की ओर से आ रहे बाइक चालक युवक गोविंद पिता ओमकार, निवासी कुप्पी और पीछे बैठी युवती शीतल पिता सुरेन्द्र, निवासी चांदवारी ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

### 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों पहुंचाया अस्पताल

टक्कर लगने से सभी नीचे गिर गए। 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सब्जी विक्रेता गहबर मरावी का पैर टूट गया, जिसके चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया है। अन्य तीन घायल गेंद सिंह वरकड़े, गोविंद और शीतल का इलाज निवास सीएचसी में जारी है। निवास पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जाँच शुरू कर दी है।

## अमगवां में सबसे स्वस्थ बालक का किया सम्मान




**मंडला 5 अक्टूबर नभाप्र.** महिला बाल विकास परियोजना निवास के अंतर्गत सेक्टर अमगवां में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को पोषण माह के अंतर्गत पोषण थाली और हरी सब्जियों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीण इलाके में पाई जाने वाली स्वास्थ्यवर्धक सामग्री और अनुकृति सब्जी का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को आसानी से उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के बारे में बताया जा सके।

कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर, प्रभारी परियोजना अधिकारी और सेक्टर अमगवां की समस्त कार्यकर्ता मौजूद थीं, जिन्होंने लोगों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में पोषण के महत्व को बताते हुए सबसे स्वस्थ बालक यशवर्धन झरिया माता प्रियंका झरिया, पिता सुरेंद्र झरिया को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्थानीय समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए एक प्रेरक संदेश था।

## ऐतिहासिक चल समारोह में 10 विद्या शक्ति पीठ के होंगे दर्शन

**छत्तीसगढ़, नागपुर और मुंबई के कलाकारों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

**40 हजार वॉट डीजे और मुंबई के रंगोली कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण**



**मंडला 5 अक्टूबर नभाप्र.** श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी द्वारा 10 विद्या शक्ति पीठ का माँ दुर्गा के आशीर्वाद स्वरूप चल समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक चल समारोह 6 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12 बजे से निकाला जाएगा। समिति ने दावा किया है कि इस वर्ष का आयोजन भव्यता और कलात्मकता की दृष्टि से पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा, जिसमें छत्तीसगढ़, नागपुर और मुंबई के कलाकार मुख्य आकर्षण होंगे। बताया गया कि इस वर्ष श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी द्वारा आयोजित चल समारोह में कई मुख्य आकर्षण होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह चल समारोह कई विशिष्ट कला दलों और झाँकियों के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। शोभायात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख आकर्षण में छत्तीसगढ़ से आया 80 सदस्यों का दल अपनी ऊर्जावान और रोमांचक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। 70 कलाकारों के साथ यह बैंड अपनी मधुर और ओजस्वी धुनों से चल समारोह में जोश भरेगा। नागपुर से आए ढोल वादकों का दल अपनी ताल से भक्तिमय वातावरण निर्मित करेगा। भूतनाथ शंकर जी की चलित झाँकी श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र बनेगी।

### तकनीकी और कलात्मकता का होगा प्रदर्शन

चल समारोह को भव्य बनाने के लिए ध्वनि और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रसिद्ध किशन डीजे 40 हजार वॉट के साउंड और आकर्षक लाइटिंग के साथ अपनी प्रस्तुति देगा। इसके अतिरिक्त, मुंबई से आए हुए रंगोली कलाकारों द्वारा हर चौराहे पर माता जी के स्वागत में भव्य रंगोली सजाई जाएगी। अरिहंत इवेंट्स द्वारा ऐतिहासिक आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो रात्रि में आकाश को जगमगा देगा। श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति ने सभी माता के भक्तों से विनम्र निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर 10 विद्या शक्ति पीठ के चल समारोह में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।



## 10 साल से बगैर अध्यक्ष चल रही सहकारी समिति, पूर्व अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद मनमानी

### बबलिया में मनमानी कर्मचारी भर्तियों की उच्च-स्तरीय जांच की मांग




**बबलिया 5 अक्टूबर नभाप्र.** जिले के देवरी कला स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति 347 बबलिया में पिछले लगभग एक दशक से मनमाने तरीके से कर्मचारियों की भर्ती किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। समिति के पूर्व अध्यक्ष और स्थानीय ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष और सूक्ष्म जांच किए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। समिति के पूर्व अध्यक्ष चतुर सिंह भवेदी ने बताया कि उन्होंने लगभग 10 वर्ष पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद न तो कोई चुनाव हुआ और न ही समिति में कोई अधिकृत अध्यक्ष चुना गया। चतुर सिंह भवेदी ने आरोप लगाया कि उनकी सहमति या अनुमोदन के बिना ही समिति प्रबंधक ने उच्च अधिकारियों से कथित मिलीभगत और लेनदेन के चलते अनेक कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी। चतुर सिंह भवेदी ने बताया कि यह नियुक्तियाँ पूर्णतः अवैध हैं और सूक्ष्म जांच होने पर सभी काले कारनामों का पर्दाफाश हो जाएगा।

### स्थानीय बेरोजगारों की कर रहे अनदेखी

स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने आरोप लगाया है कि इन नियुक्तियों के लिए कभी भी स्थानीय स्तर पर कोई सार्वजनिक सूचना या मुनादी नहीं कराई गई। प्रबंधक द्वारा चुपचाप नियुक्तियां कर दी गईं। ग्रामीणों का दावा है कि अधिकारियों से कथित लेनदेन के चलते बाहर से लाकर कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर योग्यता रखने वाले बेरोजगार युवक मौका पाने से वंचित रह गए हैं। ग्रामीण जनों ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन से मांग की है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति 347 बबलिया के वित्तीय और भर्ती संबंधी सभी पहलुओं की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## छिंदवाड़ा घटना के बाद मंडला में अलर्ट, बिना प्रिस्क्रिप्शन बच्चों की खांसी की दवा न बेचें


**5 साल से कम उम्र के बच्चों को कोल्ड एण्ड कफ सिरप नहीं देने की एडवाइजरी जारी**

**सीएमएचओ मंडला ने केमिस्टों को दिए सख्त निर्देश, मिलीभगत पर होगी कार्रवाई**

**मंडला 5 अक्टूबर नभाप्र.** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड एण्ड कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत मामले को संज्ञान में लेते मंडला सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी में कहां गया है कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों को कोडाइन कफ सिरप या इसी प्रकार की अन्य दवाओं से पूरी तरह दूर रहने की सलाह दी गई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडला सीएमएचओ ने जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और मीडिया के साथ बैठक की। इसमें सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी सर्दी-खांसी की दवा बच्चों को बिना पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन के न दी जाए। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने फार्मेसी संचालकों को निर्देशित किया है कि वह पंजीकृत फार्मासिस्ट का नाम, लाइसेंस और आधार कार्ड की फोटोकॉपी दुकान के सामने प्रदर्शित करें और फार्मासिस्ट दुकान में स्वयं उपस्थित रहें। चेतावनी दी गई है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर की लें सलाह

सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चे को सर्दी-खांसी होने पर तुरंत किसी पंजीकृत मेडिकल प्रेक्टिशनर के पास ले जाकर इलाज कराएं। इसके साथ ही बच्चों को आराम दें, हाइड्रेटेड रखें और गुनगुने पानी से स्नान या स्टीम दिलाना फायदेमंद हो सकता है।



## प्रतिमा विसर्जन एवं एकादशी एक साथ होने पर महिलाओं ने किया सुहागले पूजन





**भुआ बिछिया मंडला।** नगर के भुआ दुर्गोत्सव पंडाल में माता रानी के विसर्जन में देरी को देखते हुए ओर फिर पपकुशा एकादशी का दिन मिलने पर माता रानी के आशीर्वाद का पूरा फायदा उठाने में महिलाएं हमेशा आगे रही है, ग्राम की महिला मंडल द्वारा सुंदर लाल पीले परिधान से सुसज्जित एक भेष भूसा में पहुंच कर माता के दरबार में एकादशी व्रत के शुभ अवसर पर दुर्गोत्सव पंडाल में लगभग 40 से 50 महिलाओं ने माता रानी के दरबार में सुहागले पूजन का कार्यक्रम कर चूड़ी बिंदी मीठा पकवान सुहाग का पूरा सामान लाल चुनरी माता को अर्पण कर सुहागले पूजन की कथा सुनी माता रानी से अपने सुहाग की लंबी उम्र ओर उनके रक्षा की कामना की और माता को अर्पित किया हुआ प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के पश्चात सभी ने फलाहार स्वल्पाहार कर अपना व्रत तोड़ा। इस अवसर पर श्रीमती मनोरमा गोस्वामी निशा गर्ग, आरती शर्मा, रत्ना गर्ग, सरिता साहू, मीना राय, मंजू साहू, रानी साहू, सोनाली शिवहरे, रानू साहू, स्मिता श्रीवास्तव, सपना पिपरसानिया, तनु पिपरशानिया, सरिता साहू ज्योति द्विवेदी, संगीता गोस्वामी, पूजा द्विवेदी, रागनी नामदेव, शिप्रा गोस्वामी, रश्मि यादव, सहित अनेक महिलाओं ने सुहागले पूजन में भाग लिया और माता रानी से अपने सुहाग के रक्षा की कामना की।

**आदर्श दुर्गोत्सव पंडाल में भी हुआ आयोजन**-आदर्श दुर्गोत्सव समिति जंतीपुर की सभी मातृ शक्तियों के द्वारा भी मां भगवती के दरबार में विशाल सुहागले का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों माताओं ने भाग लिया। सुहागले में सभी महिलाओं ने अवसान माता का संपूर्ण विधिविधान से पूजन कर श्रृंगार चढ़ाकर फल एवं मिठाई का भोग लगाया एवं सभी को प्रसाद वितरण किया।

कार्यक्रम | कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने किया भूमि व मूर्ति प्रदाय का वादा

## ब्राह्मण समाज के मेधावी होनहारों का हुआ सम्मान, नगर में स्थापित होगी भगवान परशुराम की मूर्ति




**नैनपुर 5 अक्टूबर नभाप्र.** प्रगतिशील ब्राह्मण समाज नैनपुर के तत्वावधान में प्रतिभावान विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। ब्राह्मण समाज के गौरव पथिकों का सम्मान इस आयोजन में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा जगत की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर मेधावी छात्रों के उत्साह को और प्रखर किया। इस अवसर पर नैनपुर नपा अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष मिश्रा और मंडला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन का शुभारंभ विप्रों के आराध्य देव भगवान परशुराम के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच से उन सभी होनहारों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिन छात्रों को सम्मानित किया गया, उनमें कक्षा दसवीं से तनुश्री तिवारी, श्वेता तिवारी, सक्षम पांडेय, श्रुति दीक्षित, श्रेया कटारे, खुश्बू कटारे, राघव शर्मा और 12वीं से शालिनी मिश्रा और कौमदी दीक्षित प्रमुख रहीं।

### कैबिनेट मंत्री ने की घोषणा

कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने ब्राह्मण समाज को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने समाज को एक भव्य मंदिर निर्माण के बाद भगवान परशुराम की दिव्य मूर्ति प्रदाय करने का वादा किया। इसके साथ ही समाज के भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध होने पर हर सम्भव मदद का आश्वासन भी दिया। कैबिनेट मंत्री ने ब्राह्मण समाज को संस्कार और सभ्यता का प्रतीक बताया और सभी होनहारों के उज्वल जीवन यात्रा की कामना की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा और जिला उपाध्यक्ष शैलेष मिश्रा ने ब्राह्मण समाज को ज्ञान और धर्म शास्त्रों का पुजारी बताते हुए प्रगतिशील ब्राह्मण समाज की भावी कार्ययोजनाओं में और प्रगति लाने की बात कही। समाज के संरक्षक श्री दीक्षित, अध्यक्ष सतेंद्र तिवारी, युवा अध्यक्ष प्रकाश शर्मा और महिला अध्यक्ष माधुरी दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया। प्रगतिशील ब्राह्मण समाज ने आने वाले समय में शिक्षा के अलावा अन्य विधाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को भी मंच से सम्मानित करने की बात कही।



